दूरभाषः 0522—2838108

कार्यालय
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन—उत्तर प्रदेश
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0—18, सेक्टर—7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ।
Website http:// www.smcgup.org /E-mail: apd@smcgup.org

पत्र संख्या— 563 / 713-C / SMCG-UP / 01 दिनांक 14/06/2024

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला गंगा समिति
उ0प्र0।

विषयः— अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस—2024 आयोजित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के पत्रांक —Co-20/3/2023-NATIONAL MISSION FOR CLEAN GANAGA दिनांक 23.02.2024 **(सलंग्नक—1)** का संदर्भ ग्रहण करना चाहें। जिसके माध्यम से 75 जिला गंगा समितियों में योगा दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। उपरोक्त 75 जनपदों की जिला गंगा समितियों को योग दिवस के आयोजन हेतु प्रति जनपद रू0 50000/— की धनराशि आवंटित की गयी है।

एन.एम.सी.जी. द्वारा प्रत्येक वर्ष 5 गंगा बेसिन राज्यों और दिल्ली के विभिन्न शहरों और कस्बों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) की थीम ''महिला सशक्तिकरण के लिए योग'' है। योग दिवस 2024 का लक्ष्य योग को एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढाना है, जिसमें महिलाओं की भलाई को बढ़ावा देने और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जायेगा।

जिला गंगा समिति में नियुक्त जिला परियोजना अधिकारी द्वारा गंगा विचार मंच, गंगा टास्क फोर्स, गंगा प्रहरी, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं अन्य हितधारकों की सहायता से कार्यक्रम का सफल आयोजन करायेंगे।

कार्यक्रम के गुणवत्तापरक आयोजन तथा कार्यक्रम के उपरान्त दिनांक 22 जून, 2024 को कैप्शन के साथ उच्च गुणवत्ता की फोटाग्राफ तथा दिनांक 26 जून, 2024 तक सचित्र रिपोर्ट अनिवार्य रूप से राज्य स्वच्छ गंगा मिशन—उ0प्र0 को ई—मेल cpo.smcg55@gmail.com & co.unit.head@smcgup पर प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकःउपरोक्तानुसार।

(राज शेखर)
सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति वभाग/
परियोजना निदेशक,
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन—उ0प्र0

प्रतिलिपिः—

1. समस्त मुख्य विकास अधिकरी / सम्बन्धित नोडल अधिकारी, नमामि गंगे कार्यक्रम।
2. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी / सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति।

सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति वभाग/
परियोजना निदेशक,
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन—उ0प्र0